**Date 04-02-2023**

संघ प्रदेश एवं आस

विश्व प्रतिभा सिलवासा, 5 फरवरी 2023 || Mob: 9714057250 || E mail: vishwapratibhaguj@gmail.com

## वर्ल्ड कैंसर डे: क्रिष्णा कैंसर एड एसोसिएशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# कैंसर मतलब कैंसल नहीं, समय पर डिटेक्ट करें तो इसका इलाज संभव: डॉ सिद्धार्थ

## नाडकर्णी मेडिकल फाउंडेशन और अमी पॉलिमर्स के सहयोग से सफल कार्यक्रम

विश्व प्रतिभा (संवाददाता) सिलवासा

**लोग समझते है कि कैंसर का मतलब कैंसल होता है लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। अगर हम पहली स्टेज में ही कैंसर को डिटेक्ट कर लेते है तो हम उसे बहुत अच्छी और कम तकलीफ़ में इस बीमारी का इलाज कर सकते है। ये कहना है कि 21st सेंचुरी अस्पताल के डॉ सिद्धार्थ एच नागशेट (Radiation Oncology) का। उन्होंने कहा कि कैंसर से हमे डरना नहीं है। समय पर अगर इसका इलाज किया जाएं तो उसे बहुत अच्छे तरीके से कंट्रोल में लाया जा सकता हैं। इसके लिए हमे साल में एक बार अपना फुल बॉडी चेकअप और सोनोग्राफी, महिलाओं के लिए मैमोग्राफी करवाना जरूरी है। डॉ सिद्धार्थ नागशेट ने सिलवासा में विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के छात्रों को संबोधित किया।**












दानह की सामाजिक संस्था क्रिष्णा कैंसर एड एसोसिएशन की ओर से नाडकर्णी मेडिकल फाउंडेशन तथा अमी पॉलिमर्स कंपनी के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिलवासा के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 21st सेंचुरी अस्पताल के डॉ सिद्धार्थ एच नागशेट, डॉ जिहाह ईरानी, सरकारी कॉलेज के प्रिंसिपल भगवान झा, क्रिष्णा कैंसर एड एसोसिएशन की चेयरपर्सन मीना तंवर एवं सोनियां सिंह, अमी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड की मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव मोनालिसा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम क्रिष्णा कैंसर एड एसोसिएशन की चेयरपर्सन मीना तंवर ने सभी उपस्थित गणमान्यों का आभार प्रकट कर छात्र-छात्राओं को विश्व कैंसर दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था पिछले कई सालों से संघ प्रदेश दानह एवं आसपास के इलाकों में लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोग कैंसर जैसी बीमारी होने पर भयभीत होकर अपनी हिम्मत छोड़ देते है, लेकिन ऐसा इस बीमारी में कुछ भी नहीं है। नियमित स्वास्थ्य जांच कर हम कैंसर की बीमारी का समय रहते पहचान कर इसका इलाज कर सकते है।

इस अवसर पर डॉ सिद्धार्थ नागशेट ने कहा कि कैंसर क्या है? कैंसर, किसी कोशिका के असामान्य तरीके से बढ़ने की बीमारी है। आमतौर पर, हमारे शरीर की कोशिकाएं नियंत्रित तरीके से बढ़ती हैं और विभाजित होती हैं। जब सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है या कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं, तो वे मर जाती हैं और उनकी जगह स्वस्थ कोशिकाएं ले लेती हैं। उन्होंने कहा कि लोग ऐसे समझते है कि कैंसर मतलब कैंसल पर ऐसा नहीं है कैंसर अगर हम पहली स्टेज में डिटेक्ट कर पाते है तो हम उसे बहुत अच्छी और कम तकलीफ़ में इसका इलाज कर सकते है। कैंसर से हमे डरना नहीं है समय पर अगर इसका इलाज किया जाएं तो उसे बहुत अच्छे तरीके से कंट्रोल में लाया जा सकता हैं। हमे साल में एक बार अपना फुल बॉडी चेकअप और सोनोग्राफी,महिलाओं के लिए मैमोग्राफी करवाना चाहिए। कार्यक्रम में अमी पॉलिमर कंपनी की मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव मोनिलिसा ने छात्राओं की सुरक्षा के लिए मासिक धर्म यानी पीरियड्स से जुड़ी समाज की विचारधारा को बदलने को कहा। पीरियड्स दौरान उपयोग होने वाले पैड से भी कैंसर जैसी बीमारी उद्यत्पन्न हो सकती है। उन्होंने अपनी कंपनी के उत्पादों की भी जानकारी इस अवसर पर दी।

इस दौरान एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज के प्रिंसिपल भगवान झा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि हमारे कॉलेज छात्र काफ़ी जागरूक और स्वस्थ्य बने। स्वच्छता पर ध्यान दें। इसके लिए आज हमने कृष्णा कैंसर एड एसोसिएशन द्वारा सीएसआर पहल के तहत अमी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड और नाडकर्णी मेडिकल फाउंडेशन के सहयोग से कॉलेज के छात्रों में कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर निकिता हशिता और फाल्गुनी (TY Bsc) द्वीतीय स्थान पर निधि प्रजापति (FY Bcom) और तृतीय स्थान पर प्रिया मिशाल (FY Bcom) रही। जिन्हें संस्था की ओर से पुरस्कृत किया गया।

बता दें कि कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। बता दें कि 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड-जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य 5 पर केंद्रित किया गया है जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है। समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करना है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

शनिवार, 04.02.2023 RNI NO. DNHHIN/2011/40835

# संवेदना एक्सप्रेस

संपादक : काशीनाथ पवार हिन्दी समाचार पत्र

## वर्ल्ड कैंसर दिवस पर कृष्णा कैंसर एड एसोसिएशन द्वारा अमी पॉलिमर के सौजन्य से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सरकारी कॉलेज में कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम

### नाडकर्णी मेडिकल फाउंडेशन से डॉ. सिद्धार्थ ने कैंसर को रोकने और मात देने के लिए दिए महत्वपूर्ण सुझाव










सिलवासा/ (संवेदना एक्सप्रेस) वर्ल्ड कैंसर दिवस पर कृष्णा कैंसर एड एसोसिएशन द्वारा सीएसआर पहल के तहत अमी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सरकारी कॉलेज,सिलवासा में और नाडकर्णी मेडिकल फाउंडेशन के सहयोग से दिनांक 4 फरवरी 2023 को लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ल्ड कैंसर दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 21st सेंचुरी अस्पताल से डॉ. सिद्धार्थ एच नागशेट (Radiation Oncology), डॉ. जिहाह ईरानी, कृष्णा कैंसर एड एसोसिएशन से चेयर पर्सन मीना तनवर,सोनिया सिंह, एपीजे अब्दुल कलाम सरकारी कॉलेज से प्रिंसिपल भगवान जी झा, अमी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड की मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव मोनिलिसा मैडम और एपीजे अब्दुल कलाम सरकारी कॉलेज के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ ने कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं को वर्ल्ड कैंसर दिवस के बारेमें जानकारी देते हुए बताया कि कैंसर क्या है? कैंसर, किसी कोशिका के असामान्य तरीके से बढ़ने की बीमारी है। आमतौर पर, हमारे शरीर की कोशिकाएं नियंत्रित तरीके से बढ़ती हैं और विभाजित होती हैं। जब सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है या कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं, तो वे मर जाती हैं और उनकी जगह स्वस्थ कोशिकाएं ले लेती हैं।

डॉक्टर ने कहा कि लोग ऐसे समझते है कि कैंसर मतलब कैंसल पर ऐसा नहीं है कैंसर अगर हम पहली स्टेज में डिडेक्ट कर पाते है तो हम उसे बहुत अच्छी और कम तकलीफ़ में इसका इलाज कर सकते है। कैंसर से हमे डरना नहीं है समय पर अगर इसका इलाज किया जाएं तो उसे बहुत अच्छे तरीके से कंट्रोल में लाया जा सकता हैं। हमे साल में एक बार अपना फुल बॉडी चेकअप और सोनोग्राफी,महिलाओं के लिए मैमोग्राफी करवाएं अधिक जानकारी के लिए हमारे संवेदना एक्सप्रेस यूट्यूब चैनल पर डॉ. सिद्धार्थ का वीडियो देख सकते है। एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि हमारे विद्यार्थी काफ़ी जागरूक और स्वस्थ्य बने और स्वच्छता पर ध्यान दें यह प्रयास है इसके लिए आज हमने कृष्णा कैंसर एड एसोसिएशन द्वारा सीएसआर पहल के तहत अमी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड और नाडकर्णी मेडिकल फाउंडेशन के सहयोग से आज कॉलेज के विद्यार्थी एवं लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ल्ड कैंसर दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है। अमी पॉलिमर कंपनी की मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव मोनिलिसा ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कहां कि मासिक धर्म यानी पीरियड्स से जुड़ी समाज की विचारधारा को बदलना चाहिए और पीरियड्स दौरान उपयोग होने वाले पैड से संबंधित जानकारी दी।